हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 25 अप्रैल 2026

06 सोनकच्छ में बेहतर कार्य नहीं, अधिक समय से...




07 जिले की मेरिट में चमके प्रिंस कुशवाहा, सूची में नौवां स्थान





# प्राकट्य दिवस पर मां बगलामुखी का हुआ अभिषेक, लगाया 56 भोग, हुई महाआरती







हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

शुक्रवार को मां बगलामुखी प्राकट्य दिवस पर मंगलाआरती के बाद से ही मंदिर पर दर्शनार्थियों की कतारें लगना प्रारंभ हो गई थीं। प्राकट्य दिवस पर तड़के होने वाले हवन में कलेक्टर प्रीति यादव द्वारा आहुति डाली गई एवं मंगलाआरती के बाद प्रथम पूजन भी कलेक्टर द्वारा किया गया। मंदिर के बाहर स्थित डोम में मंच पर प्रातः 10.30 बजे से माता रानी की अष्टधातु की प्रतिमा का अभिषेक प्रारंभ हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार से विधि विधान से माता रानी का विभिन्न वस्तुओं व पंचामृत से अभिषेक किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में माता भक्त उपस्थित थे। इसके बाद दोपहर 12 बजे माता रानी की महाआरती हुई। महाआरती में बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे जो ढ़ोल नगाड़ों पर भक्ति में झूमते दिखाई दिए। महाआरती के बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया। प्रातः 10 बजे पीताम्बरा सेवा समिति के सदस्यों ने माता रानी को 56 पकवानों का भोग लगाया। इसके बाद दिनभर मां बगलामुखी के दर्शन के लिए भक्तों की कतारे मंदिर परिसर तथा सिंह द्वार के बाहर तक लगी रही। मां बगलामुखी प्राकट्य दिवस पर पीताम्बरा सेवा समिति द्वारा भंडारे का आयोजन भी किया गया था, जिसमे बड़ी संख्या में भक्तों ने महाप्रसादी का लाभ लिया।

## मां बगलामुखी प्राकट्य दिवस के अवसर पर एम्बुलेंस समर्पित की



मां बगलामुखी प्राकट्य दिवस के अवसर पर नगर में धार्मिक आयोजनों के साथ नगर में मरीजों को सुविधा उपलब्ध कराने एक प्रेरणादायक कार्य हुआ है। स्वामी सांदीपेंद्र संस्कृत विद्या परिषद नलखेड़ा द्वारा एक सर्वसुविधा युक्त एम्बुलेंस समर्पित की गई। पीताम्बरा सेवा समिति के भंडारा परिसर में एम्बुलेंस का पूजन कर आम जनता के लिए समर्पित की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। उक्त एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध हो जाने पर अब नगर से गंभीर मरीजों को उचित उपचार के लिए अंयत्र जाने के लिए शासकीय अथवा निजी चिकित्सालयों की एम्बुलेंस पर निर्भर नही रहना पड़ेगा। आपातकाल की स्थिति में यह एम्बुलेंस उपलब्ध रहेगी।

### नगरवासियों ने पलक पावड़े बिछाकर की माता रानी की अगवानी

# मां बगलामुखी के प्राकट्य दिवस व नगर गौरव दिवस पर निकाली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मां बगलामुखी के प्राकट्य दिवस व नगर गौरव दिवस हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर में माता रानी की शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें मां बगलामुखी को सुज्जजित रथ में विराजित किया गया था। शोभायात्रा में कई आकर्षण के केंद्र भी शामिल थे। माता रानी के दर्शन व शोभायात्रा को निहारने के लिए बड़ी संख्या में नगरवासी प्रमुख मार्गों पर जमा थे। शोभायात्रा के दौरान पूरे नगर में धर्म पताकाए लहरा रही थीं। स्थान-स्थान पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक संगठनों व नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।

माता के नौ रूपों में से एक बगालामुखी स्वरूप भी है जिसका प्रकटोत्सव वैशाख शुक्ल अष्टमी को मनाया जाता है। इस दिवस को नगर गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय प्रशासनिक स्तर पर लिया गया था। मां बगलामुखी प्राकट्य दिवस व नगर गौरव दिवस के अवसर पर शुक्रवार सायंकाल 4 बजे सांवरिया नाथ मंदिर से माँ बगलामुखी की भव्याति-भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें आगे- आगे अश्वारोही हाथों में धर्म पताका लेकर चल रहे थे वहीं सुज्जजित रथ में माता रानी को विराजित किया गया था। स्थान- स्थान पर नागरिको ने माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सांवलिया नाथ मंदिर पर नगर परिषद अध्यक्ष अंतिम विजय सोनी, पार्षदगणों, सीएमओ, प्रशासनिक अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों ने माता रानी का पूजन कर आरती की गई। शोभायात्रा में प्रशानिक व पुलिस अधिकारी के साथ अन्य राजनीतिक पार्टी के जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी भी शामिल थे।










### शोभायात्रा में आकर्षण के केंद्र



मां बगलामुखी की इस शोभायात्रा में भगवान जगन्नाथ की झांकी, श्रीनाथ की झांकी के साथ ही कालका माता व राक्षसों का रूप धरे कलाकार अपनी प्रस्तुति दे रहे थे। बच्चों के मनोरंजन के लिए तितलियां, कार्टून बने कलाकार आकर्षण का केंद्र रहे। राजस्थानी नृत्य के माध्यम से कलाकार अपनी छटा बिखेर रहे थे। प्रसिद्ध बैंड के साथ अन्य बैंड वादक भी माता रानी के भजन के साथ अपनी स्वर लहरियां बिखरते हुए चल रहे थे। जिसकी धुन पर शोभायात्रा में शामिल युवाओं की टोली नाचते-थिरकते चल रही थी। मातृशक्ति डांडिया रास करती हुई चल रही थी। शोभायात्रा का नगर के कई स्थानों पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक तथा राजनीतिक संगठनों द्वारा मंच के माध्यम से व नगरवासियो द्वारा भी पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया व शोभायात्रा में शामिल नागरिकों का शीतल पेय जल, ठंडाई, शरबत, आइसक्रीम आदि से स्वागत किया गया। शोभायात्रा नगर के चौक बाजार, गणेश चौराहा, जवाहर मार्ग, शिवाजी चौराहा, मां बगलामुखी मंदिर मार्ग, मां बगलामुखी चौराहा होते हुए मां बगलामुखी मंदिर पहुंची जहां रंगारंग आतिशबाजी के साथ माता रानी की महाआरती की गई। कार्यक्रम के अंत में मंदिर परिसर में मंच से नगर परिषद द्वारा नगर की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। वहीं कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं।



## दि ऑक्सफोर्ड हासे स्कूल की छात्रा ईशा पटेल का राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में चयन





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

दि ऑक्सफोर्ड हा.से. स्कूल, सीहोर की छात्रा ईशा पटेल, राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में चयनित होकर जिला सीहोर एवं विद्यालय का नाम रोशन किया। ईशा पटेल ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 800 मीटर, 1500 मीटर दौड़ एवं लंबी कूद में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में किया गया था। यह राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता भारत पेट्रोलियम (BPCL) बीना रिफाइनरी द्वारा, मध्यप्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित की जा रही है। ईशा पटेल आगामी दिनांक 26 एवं 27 अप्रैल 2026 को सागर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी।

इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर, सहायक डीईओ सलोनी शर्मा, बीईओ दीपा कीर, आवासीय खेलकूद संस्थान प्राचार्य आलोक शर्मा, डी.एस.ओ. अत्ताउल्लाह खान, संकुल प्राचार्या नीना सिंह, संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन व डॉ. बीना जे. कुरियन, आशीष शर्मा, माधव यादव एवं खेल शिक्षक सुमित एवं समस्त स्टाफ ने भी छात्रा की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके अनुशासन, समर्पण एवं खेल भावना की सराहना की।

### सीहोर रेलवे स्टेशन पर ओवरनाइट एक्सप्रेस के ठहराव की मांग

सीहोर। भोपाल संसदीय क्षेत्र के सांसद आलोक शर्मा ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंटकर ट्रेन - इंदौर–जबलपुर ओवरनाइट एक्सप्रेस का ठहराव रेलवे स्टेशन पर सुनिश्चित किए जाने की बहुप्रतीक्षित मांग को रखा। जिला मीडिया प्रभारी प्रितेश राठौर ने बताया कि सांसद शर्मा ने रेलमंत्री को सौंपे गए अपने पत्र में उल्लेख किया है, कि सीहोर नगर धार्मिक एवं पर्यटन दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। यहां स्थित कुबेरेश्वर धाम में देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक निरंतर आते-जाते रहते हैं। वर्तमान में रेलवे स्टेशन पर सीमित ट्रेनों का ही ठहराव होने से यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

### विश्व पुस्तक दिवस पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित

सीहोर। सीहोर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्राचार्य डॉ रोहिताश्व कुमार शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकों का महत्व एवं उनकी उपयोगिता समझाना था, ताकि उनका बौद्धिक एवं नैतिक विकास तेजी से हो और वे निरंतर सफलता के मार्ग पर अग्रसर हो सके। इस अवसर पर मेघा लुटारे, श्रद्धा राठौड़, कमल किशोर कुशवाह सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।



### विद्युत वितरण उपकेंद्र के यार्ड में बैठकर मादक पदार्थों का सेवन करने वाले कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त

सीहोर। विगत दिवस सोशल मीडिया के माध्यम से बाह्यस्त्रोत कर्मचारियों द्वारा सिद्धिकगंज विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत स्थापित 33/11 केवी उपकेंद्र के यार्ड में बैठकर मादक पदार्थों का सेवन करते हुए विडियो सामने आया था। इस कृत्य के लिए सेवा प्रदाता कंपनी मेसर्स बॉम्बे इंटीग्रेटेड (इंडिया) प्रा.लि. द्वारा इन बाह्यस्त्रोत कर्मचारियों (जितेन्द्र, लखन, कुलदीप) की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई है और इन कर्मचारियों को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया है। इसके साथ ही उपकेन्द्र पर पदस्थ अन्य संविदा कर्मचारी धर्मेन्द्र बकोरिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है और इस लापरवाही के लिए संबंधित का स्थानांतरण अन्य संभाग में करने के लिए वरिष्ठ कार्यालय को प्रस्ताव भेजा गया है।

## नेशनल लोक अदालत के संबंध में नगर पालिका और बैंक अधिकारियों की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष संजीव कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार 9 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सम्बंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव स्वप्नश्री सिंह द्वारा बैंक एवं नगर पालिका के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नेशनल लोक अदालत में बैंक एवं नगर पालिका के अधिक से अधिक लंबित एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरण रखने और निराकरण करने के सम्बंध में चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशानिर्देश भी दिये गये। बैठक में जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान, एलडीएम जयदीप भट्टाचार्य, बैंकों के प्रबंधक उपस्थित थे। इसके साथ ही सभी नगर पालिकाओं के सीएमओ और अन्य अधिकारीगण विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

### मानवीय मूल्यों से प्रेरित पहल, श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए रोशनी का नया संकल्प

# एमपीआरडीसी व डीबीसीपीएल प्रबंधन ने कुर्बेश्वर धाम के सामने मीडियन के मध्य लगाई हाई मास्क लाइट


हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जनसेवा, संवेदनशीलता और उत्तरदायित्व ये केवल शब्द नहीं, बल्कि एक सशक्त प्रशासन और जिम्मेदार संस्थाओं की पहचान होते हैं। इसी भावना को साकार करते हुए जिलाधिकारी महोदय सीहोर के कुशल निर्देशन में, एमपीआरडीसी एमडी भोपाल के मार्गदर्शन तथा देवास-भोपाल कॉरीडोर प्राइवेट लिमिटेड प्रबंधन द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है।

कुर्बेश्वर धाम, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं, वहां आने-जाने वाले मार्ग पर सुरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। कम दृश्यता के कारण संभावित दुर्घटनाओं को रोकने तथा मार्ग को अधिक सुरक्षित और सुगम बनाने के उद्देश्य से, कुर्बेश्वर धाम के सामने मीडियन के मध्य हाई मास्क लाइट की स्थापना की गई है। यह पहल केवल एक तकनीकी सुधार नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों—सुरक्षा, सेवा और संवेदना—का जीवंत उदाहरण है। अंधेरे में रोशनी की यह व्यवस्था न केवल श्रद्धालुओं के मार्ग को आलोकित कर रही है, बल्कि उनके मन में भी विश्वास और सुरक्षा की भावना को प्रबल कर रही है। जिलाधिकारी महोदय सीहोर की दूरदर्शिता, एमपीआरडीसी भोपाल के नेतृत्व और डीबीसीपीएल प्रबंधन की सामाजिक जिम्मेदारी ने मिलकर यह सिद्ध कर दिया है कि जब प्रशासन और संस्थाएं जनहित के लिए एकजुट होती हैं, तो विकास केवल ढांचागत नहीं बल्कि मानवीय भी होता है।

स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह व्यवस्था विशेष रूप से रात्रि के समय अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है और दुर्घटनाओं की संभावना में उल्लेखनीय कमी आएगी निसंदेह, यह प्रयास न केवल एक मार्ग को रोशन कर रहा है, बल्कि समाज में सुरक्षा, सहयोग और सेवा की भावना को भी प्रज्ज्वलित कर रहा है।





## महंत देवगिरि महाराज ने कहाः सनातनधर्म की रक्षा के लिए हिंदू समाज से एकजुट होने का आह्वान

सीहोर। सनातन धर्म की रक्षा के लिए सनातन समाज के सभी लोग आपसी मतभेद भूलकर एकजुट हों। उन्होंने सभी को सनातन धर्म की रक्षा के लिए शपथ भी ग्रहण कराई। हम सभी हिंदू लोग जातिवाद को छोड़कर आपस में एक हो जाएं, तभी हम लोग संगठित हो सकते हैं। उक्त बात शहर के कोलीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर के तत्वाधान में शनिवार से होने वाले छह दिवसीय महोत्सव को लेकर यहां पर की जा रही तैयारियां के निरीक्षण के दौरान तारा देवी मंदिर के महंत देवगिरि महाराज ने की। इस मौके पर मंदिर की ओर से संत माधव दास महाराज, लक्ष्मी नारायण सवारी के प्रभारी सन्नी सरदार, रजत मुंदडा, यज्ञाचार्य पंडित कुणाल व्यास आदि ने महंत देवगिरि महाराज को शाल श्री फल से स्वागत किया। गुरुवार को तारा देवी मंदिर के महंत देवगिरि ने यहां पर आयोजित मंदिर परिसर में अपने स्वागत में किया कि पंच कुण्डात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की मुख्य यजमान नमिता अखिलेश राय के मार्गदर्शन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि आगामी 25 अप्रैल को शहर में श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर श्री महंत रामभूषण दास महाराज के आह्वान पर देश भर के महंत, महामंडलेश्वर, नागा साधु, कथा वाचक आदि श्री लक्ष्मी नारायण की सवारी में शामिल होने के लिए आ रहे है। मंदिर परिसर में संतों का सम्मेलन दोपहर में किया जाएगा और उसके पश्चात शाम को शहर के छावनी स्थित प्राचीन जगदीश मंदिर से भव्य सवारी निकाली जाएगी। इधर महंत का स्वागत करते हुए प्रभारी सन्नी सरदार ने बताया कि सवारी को लेकर क्षेत्र में उत्साह का वातावरण है और पूरे शहर की महिलाएं सनातन की मजबूती के लिए और विश्व के कल्याण की कामना को लेकर यात्रा में शामिल रहेंगी।



**खबर संक्षेप**

## संभागीय पर्यवेक्षक ने किया निरीक्षण



**देवास।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 रविवार 26 अप्रैल को आयोजित होगी। जिले में पीएससी की परीक्षा की तैयारियों के संबंध में संभागीय पर्यवेक्षक रमन सिंह सिकरवार (सेवानिवृत्त डीआईजी उज्जैन रेंज) द्वारा देवास में परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने पीएससी परीक्षा के लिए की जा रही सभी व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान लाइजनिंग अधिकारी प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र देवास बी.एस. राणा सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे। राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 के लिए देवास जिला मुख्यालय पर 07 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। जिसमें 02 हजार 220 परीक्षार्थी शामिल होंगे। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर निरीक्षण के लिए उड़नदस्ता दल का गठन कर अधिकारी,कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। प्रारंभिक परीक्षा दो सत्रों में आयोजित होगी। सामान्य अध्ययन का प्रथम प्रश्न पत्र का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा सामान्य अभिरूचि परीक्षण का द्वितीय प्रश्न पत्र अपरान्ह 2.15 बजे से शाम 4.15 बजे तक होगा। राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र पर अनिवार्यतः 90 मिनिट पूर्व पहुँचना होगा। परीक्षार्थियों की दोनों सत्रो में त्रिस्तरीय जाँच की जाएगी, तत्पश्चात परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया जाएगा।

### कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित

# सोनकच्छ में बेहतर कार्य नहीं, अधिक समय से तैनात स्टाफ बदले: कलेक्टर

अभियान चलाकर शत-प्रतिशत एएनसी पंजीयन और लगातार समीक्षा करने दिए निर्देश। निर्देश दिये कि एएनसी पंजीयन में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्रथम तिमाही में ही अभियान चलाकर प्राप्त करें और इसकी लगातार समीक्षा करें।



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर सिंह ने शिशु स्वास्थ्य एवं मातृ स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत बच्चों एवं महिलाओं का टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं को दी जाने वाली सेवाओं प्रदायगी, आयुष्मान योजना सहित अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम मिशन परिवार विकास कार्यक्रम, मलेरिया, टीबी, कुष्ठ, एनआरसी, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, आशा कार्यक्रम, एसएनसीयू, एनसीडी, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, सीएम हेल्पलाइन सहित अन्य कार्यक्रमों की समीक्षा की।

बैठक में संयुक्त कलेक्टर अंशु जावला, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक, महिला एवं बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी साबीर अहमद सिद्दीकी, सिविल सर्जन डॉ आर.पी. परमार, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ सुनील तिवारी सहित राष्ट्रीय कार्यक्रमों के कार्यक्रम अधिकारी, मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी, खंड चिकित्सा अधिकारी, बीईई, बीपीएम, बीसीएम सहित अन्य संबधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने निर्देश दिये कि एएनसी पंजीयन में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्रथम तिमाही में ही अभियान चलाकर प्राप्त करें और इसकी लगातार समीक्षा करें। मातृ-मृत्यु दर में सुधार के लिए सतत प्रयास करें। उन्होंने कहा कि इस विषय पर गंभीरता से चिंतन करें एवं विगत वर्ष की उपलब्धि को 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़ाने का प्रयास करें। सभी के प्रयास एवं सभी की मेहनत आंकड़ों में दिखनी चाहिए। गर्भवती महिलाओं के एएनसी पंजीयन में शहरी क्षेत्र देवास एवं सोनकच्छ की स्थिति कमजोर है, शहरी क्षेत्र में जहां स्टॉफ नहीं है वहां अतिरिक्त प्रभार देकर डोर-टू-डोर विजिट करते हुए निर्धारित कार्य की जवाब देही तय करना सुनिश्चित करें। मॉडरेट एनीमिक गर्भवती महिलाओं के प्रबंधन के आंकड़ों में प्रगति लाने का पूर्ण प्रयास करें। सिंह ने कहा कि डॉ लक्ष्मी जयसवाल का रेफरल प्रतिशत ज्यादा है, इनका अच्छी तरह से प्रशिक्षण करवाना सुनिश्चित करें। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा कर निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाइन में लम्बित शिकायतों का निराकरण का ए ग्रेड में आये। टीकाकरण की समीक्षा कर शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिये। जिन आशा कार्यकर्ताओं ने अच्छा कार्य किया उन्हें जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक में प्रशस्ति-पत्र प्रदाय कर सम्मानित किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि आगामी 02 मई 2026 से जिले में किलकारी अभियान चलाया जाएगा। जिसमें एनीमिक एवं कुपोषित बच्चों को भर्ती किया जाकर उनके पोषण का स्तर सुधारा जाएगा। कलेक्टर सिंह ने निर्देशित किया कि पोषण पुनर्वास केंद्र में बेड ऑक्युपेंसी शत प्रतिशत रहे, इस बात का विशेष ख्याल रखा जाए। आरबीएस के कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि 18 वर्ष तक के बच्चों में कौन सी डेफिशिएंसी सबसे ज्यादा आ रही है एवं इसे किस प्रकार कम किया जा सकता है इसकी एक कार्य योजना बनाएं। एचपीवी वैक्सीनेशन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने विकासखंड बागली एवं टोंकखुर्द को शत प्रतिशत उपलब्धि हेतु बधाई देते हुए अन्य को लक्ष्य के विरुद्ध शत प्रतिशत उपलब्धि अर्जित करने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर सिंह ने जिले में संचालित 100 दिन के टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्पष्ट निर्देश जारी किए जाएं कि जिन मरीजों को एक्स रे की फिल्म नहीं दी जा रही है उनसे 50 रूपये नहीं लिए जाएं। कलेक्टर सिंह ने फूड बास्केट एवं मिशन एड्स सुरक्षा की समीक्षा भी की। कलेक्टर ने कहा कि विकासखंड सोनकच्छ में बेहतर कार्य नहीं हो रहा है। इसलिए जो भी स्टॉफ सोनकच्छ में 05 साल से अधिक समय से कार्यरत है, उन सभी को बदलना सुनिश्चित करें।

# गेहूं खरीदी में गड़बड़ी पर भड़के किसान, सिरोलिया में किया चक्काजाम

### प्रशासन ने सर्वेयर को हटाने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शुक्रवार दोपहर समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी में गड़बड़ी को लेकर सिरोलिया में किसानों का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। नाराज किसानों ने ट्रैक्टर-ट्रॉलियां खड़ी कर चक्का जाम कर दिया, जिससे कुछ समय तक यातायात बाधित रहा।

सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और समझाइश के बाद स्थिति को नियंत्रित किया।जानकारी के अनुसार किसान एक दिन पहले ही अपनी उपज लेकर खरीदी केंद्र पहुंचे थे। जांच के दौरान सर्वेयर द्वारा गेहूं की गुणवत्ता खराब बताने पर विवाद शुरू हो गया। किसानों का आरोप है कि जानबूझकर उपज में मिट्टी बताकर गेहूं रिजेक्ट किया जा रहा था। साथ ही हम्मालों पर 500 रुपए तक की अवैध मांग और पैसे देने के बाद ही तुलाई करने के आरोप भी लगाए गए। किसानों ने सर्वेयर पर अभद्र व्यवहार करने और अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। आक्रोशित किसानों ने सड़क जाम कर विरोध जताया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।


मौके पर पहुंचे एसडीएम अभिषेक शर्मा सहित पुलिस और प्रशासन की टीम ने किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं। एसडीएम ने बताया कि शिकायत के बाद संबंधित सर्वेयर को हटाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही ट्रॉलियों की जांच जल्द पूरी कर तुलाई प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से शुरू कराने के लिए पटवारी की ड्यूटी लगाई गई है। समझाइश पर किसानों ने चक्का जाम समाप्त कर दिया।

# लाहोटी अध्यक्ष, बजाज निर्विरोध सचिव चुने गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

देवास जिला माहेश्वरी सभा के निर्देशानुसार माहेश्वरी समाज भौरासा के वर्ष 2026 से 2029 तक के लिए चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं निर्विरोध संपन्न हुई।

निर्वाचन अधिकारी रमेशचंद हेडा एवं पर्यवेक्षक दिनेश भूतड़ा (देवास) की उपस्थिति में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। निर्वाचन में घनश्याम लाहोटी को अध्यक्ष, नारायण मंत्री एवं प्रहलाद दास झंवर को उपाध्यक्ष, प्रदीप बजाज





को सचिव, दिनेश जाजू को कोषाध्यक्ष, गोविंद जाजू को संयुक्त मंत्री तथा नितिन सारड़ा को संगठन मंत्री चुना गया।जिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप में प्रकाश मंत्री, रमेशचंद जाजू, गोविंद बलदवा एवं रितेश चिचाणी को जिम्मेदारी सौंपी गई, जबकि अन्य सदस्यों को स्थानीय कार्यकारिणी में शामिल किया गया।

इस अवसर पर देवास जिला माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष कैलाश डागा, जिला महामंत्री प्रकाश मंत्री, जिला कोषाध्यक्ष दिनेश एम. भूतड़ा सहित अशोक सोमानी, रमेशचंद्र इनानी, महेश मंत्री, सीताराम परतानी, राधेश्याम जाजू, महेश बलदवा, राहुल मूंदड़ा सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# ग्राम कुलाला के शहीद संदीप यादव के स्मारक पहुंचे पूर्व मंत्री सचिन यादव, दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

इंदौर से चापड़ा जाते समय पूर्व कैबिनेट मंत्री सचिन यादव ग्राम कुलाला पहुंचे, जहां उन्होंने शहीद संदीप यादव के स्मारक पर पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद वे कन्हैयालाल यादव के यहां आयोजित शादी समारोह में शामिल हुए। तत्पश्चात मनोहर यादव के निवास पर पहुंचकर उनके पिताजी स्व. राधाकिशन यादव के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की।यात्रा के दौरान ग्राम बुदनगांव में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा सचिन यादव का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इसके बाद वे चापड़ा के लिए रवाना हुए।इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य




बने सिंह अस्ताया, पूर्व प्रदेश महामंत्री शौकत हुसैन, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष नगजीराम यादव, जिला महामंत्री दिलीप यादव, कांतिलाल यादव, मनोहर यादव, दिनेश यादव, अर्जुन गुर्जर, मानसिंह यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# श्री खाटूश्याम शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ में भंडारे के साथ श्रीराम कथा और पंचकुंडी यज्ञ का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

ग्राम पंचायत काकड़दा में संस्था प्रह्लाद श्री एवं समस्त धर्मप्रेमी ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित पंच कुंडी रुद्र यज्ञ, श्री खाटूश्याम शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा एवं श्री राम कथा का गुरुवार को भंडारे के साथ भव्य समापन हुआ। पूरे आयोजन में गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता रही।कथा के दौरान श्री राम जाने जी महाराज (ताजपुर) ने श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा का रसपान कराया। वहीं यज्ञाचार्य पंडित विजय द्विवेदी ने विधि-विधान से यज्ञ संपन्न कराया।

कथा के बीच महाराज श्री ने समाज को संदेश देते हुए कहा कि शराब सेवन से परिवार, सम्मान और संपत्ति का नाश होता है, इसलिए इससे दूर रहना चाहिए।19 अप्रैल से 23 अप्रैल तक प्रतिदिन आयोजित कथा में काकड़दा सहित आसपास के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ




लिया। समापन अवसर पर क्षेत्रीय विधायक डॉ. राजेश सोनकर भी पहुंचे और रामायण जी की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

गुरुवार को शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा, यज्ञ पूर्णाहुति एवं राम कथा के समापन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं एवं अतिथियों का आभार डॉ. रूप सिंह नागर एवं सरपंच सुमेर सिंह नागर ने व्यक्त किया।

# कलेक्टर का निर्देश: मुख्य मार्ग से हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़

जिले के कांटाफोड़ से बड़ी खबर सामने आई है, जहां प्रशासन ने जाम की समस्या को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए अतिक्रमण के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया। कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देश पर मुख्य मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशन और एसपी पुनीत गहलोत के सड़क सुरक्षा अभियान के तहत नगर परिषद और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने कांटाफोड़ नगर में सघन अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। गर्मी के बीच लगातार लग



रहे जाम से परेशान नागरिकों को राहत देने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई। सीएमओ मुकेश चौबे के नेतृत्व में नगर परिषद का अमला और थाना कांटाफोड़ पुलिस मौके पर मुस्तैद रही। इस दौरान मुख्य बाजार और प्रमुख मार्गों पर सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण, ठेले-गुमटियां और अव्यवस्थित खड़ी गाड़ियों को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान सड़क पर रखा सामान जब्त किया गया और दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी गई कि दोबारा अतिक्रमण करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही बेतरतीब पार्किंग हटाकर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाया गया। पुलिस ने पूरे अभियान के दौरान यातायात व्यवस्था संभाली, वहीं नगर परिषद अमले ने समन्वय के साथ तेजी से कार्रवाई कर अभियान को सफल बनाया।

### अक्षय तृतीया पर कांटाफोड़ में गूंजे जय श्री परशुराम के जयकारे, निकली भव्य शोभायात्रा

# युवा, महिलाएं और बुजुर्गों की भागीदारी से दिखी सामाजिक एकता





हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़

अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम जयंती बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। इस मौके पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा।शोभायात्रा का शुभारंभ पंढरीनाथ मंदिर से विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर किया गया। बैंड-बाजों, सजे-धजे रथ और बग्घी पर विराजित भगवान परशुराम की आकर्षक झांकी ने सभी का मन मोह लिया। पूरे मार्ग में "जय श्री परशुराम" के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा।शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई निकली, जहां जगह-जगह नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। स्वागत मंचों और सजावट ने आयोजन की भव्यता को और बढ़ा दिया। ढोल-नगाड़ों की धुन पर युवा उत्साह से झूमते नजर आए, वहीं महिलाओं और बुजुर्गों की बड़ी सहभागिता ने सामाजिक समरसता की मिसाल पेश की।यात्रा पुनः मंदिर पहुंची, जहां सामूहिक आरती और महाप्रसादी का वितरण किया गया। इसके बाद समाज की बैठक आयोजित हुई, जिसमें सर्वसम्मति से शैलेष तिवारी को युवा ब्राह्मण समाज का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। आयोजन ने पूरे कांटाफोड़ नगर में धार्मिक आस्था और एकजुटता का माहौल जीवंत कर दिया।

# फर्जी हस्ताक्षर कर जाली आदेश जारी करने वाले कर्मियों को कलेक्टर ने किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने पदीय कर्तव्यों के निवर्हन में अनियमितता करने एवं मध्य प्रदेश सिविल सेवा(आचरण) नियम 1965 का उल्लंघन करने पर मध्य प्रदेश सिविल सेवा(वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 में निहित प्रावधानों के तहत सहायक ग्रेड-3 कलेक्टोरेट रमेश लोबानिया, सहायक ग्रेड-3 कलेक्टोरेट संजीव कुमार जाटव एवं सहायक ग्रेड-3 प्रवाचक न्यायालय नायब तहसीलदार विजयागंजमंडी जीतेन्द्र भद्रे को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलम्बन के दौरान सहायक ग्रेड-3 कलेक्टोरेट रमेश लोबानिया का मुख्यालय कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग टोंकखुर्द रहेगा तथा इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त करने की पात्रता रहेगी। सहायक ग्रेड-3 कलेक्टोरेट संजीव कुमार जाटव का मुख्यालय कार्यालय तहसील सोनकच्छ रहेगा तथा इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त करने की पात्रता रहेगी। सहायक ग्रेड-3 जीतेन्द्र भद्रे का मुख्यालय कलेक्टोरेट रहेगा तथा इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त करने की पात्रता रहेगी।आदेश में उल्लेख है कि इनके द्वारा फर्जी हस्ताक्षर एवं जाली आदेश जारी कर छल एवं कपट पूर्वक कूट रचित आदेश तैयार कर जमीन बेचने का प्रयास किया गया है, इनके विरूद्ध धोखाधडी सहित अन्य धाराओ में थाना बैंक नोट प्रेस देवास में भारतीय न्याय संहिता 2023 की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

## खबर संक्षेप

### तहसीलदार ने दिलाई जिम्मेदारी की शपथ

**विदिशा।** जनगणना कार्य हेतु आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन शपथ ग्रहण के साथ हुआ। पठारी तहसीलदार अभिषेक पांडेय ने गणनाकारों व पर्यवेक्षकों को निष्ठा, पारदर्शिता और गोपनीयता के साथ दायित्व निभाने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, जिसके आंकड़े शासन की नीतियों व योजनाओं के निर्माण में उपयोगी होते हैं। प्रशिक्षण में तकनीकी व व्यवहारिक पहलुओं की पुनरावृत्ति कर फील्ड में सावधानीपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए गए।

### 100 अमृत मित्र 60 प्याऊ स्थापित

**विदिशा।** प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विदिशा जिले के नगरीय निकायों में जल संरक्षण कार्यों को गति मिली है। अमृत 2.0 अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध सभी 5 जल संग्रहण संरचनाओं का जीर्णोद्धार पूर्ण कर लिया गया है। तालाब, नदी व बावड़ियों के संवर्धन के दो कार्य तथा नाले-नालियों की सफाई के 75 कार्य पूरे हुए हैं। 47 स्थानों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली स्थापित की गई है। युवाओं की भागीदारी हेतु 100 अमृत मित्र पंजीकृत किए गए हैं। गर्मी को देखते हुए 60 सार्वजनिक प्याऊ भी स्थापित किए गए हैं।

### वन विभाग ने पूरे किए 1200 संरचनात्मक कार्य

**विदिशा।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विदिशा के वन क्षेत्रों में वन विभाग ने 2 हजार लक्ष्य के विरुद्ध 1200 बोल्डर, चेक डैम, ब्रशवुड, परकोलेशन तालाब व कंटूर ट्रेंच निर्माण पूरे किए, जबकि 800 कार्य प्रगति पर हैं। वन्य जीवों के लिए 700 लक्ष्य में से 500 से अधिक तालाब, सांसर, स्टॉप डैम व झिरिया बनाई गईं। 15 में से 7 तालाबों का गहरीकरण हुआ। वर्षा ऋतु हेतु गड्ढे भी खोद लिए गए हैं।

### एसएटीआई में विश्व पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम

**विदिशा।** एसएटीआई कॉलेज में अप्लाइड साइंस विभाग द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज दातार ने कहा कि पृथ्वी ही एकमात्र ऐसा ग्रह है जहां जीवन संभव है। लेकिन मानव की सुविधाभोगी प्रवृत्ति और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन से पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। डीन (अनुसंधान) डॉ. आलोक जैन ने अपने संबोधन में पृथ्वी संरक्षण को मानव का नैतिक दायित्व बताया। मुख्य वक्ता डॉ. संजय भंडारी ने भूकंप, कारण, तीव्रता, प्रभाव और बचाव विषय पर व्याख्यान दिया।

### रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति की बैठक 29 अप्रैल को

**विदिशा।** पश्चिम मध्य रेल मंडल भोपाल की रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति की बैठक 29 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। बैठक में मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों से जुड़ी समस्याओं, यात्री सुविधाओं, सुझावों एवं आवश्यक मांगों पर चर्चा की जाएगी। समिति सदस्य कमलेश सेन ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे अपने क्षेत्र के स्टेशन, रेल सेवाओं, यात्री असुविधाओं अथवा आवश्यक सुधार संबंधी सुझाव व्हाट्सएप के माध्यम से भेजें। प्राप्त सुझावों को बैठक के एजेंडे में शामिल कर प्रभावी रूप से उठाया जाएगा।

### मायके पक्ष की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ताला तोड़कर बचाई जान

# बीए की छात्रा को परीक्षा देने से रोका ससुरालवालों ने पीटकर दी धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र के चौकाबाग मोहल्ले में घरेलू हिंसा का एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है। यहां एक बीए की छात्रा को उसके ससुरालियों ने घर में बंद करके बेरहमी से पीटा। मौके पर पहुंची पुलिस (112) ने घर का ताला तोड़कर पीड़िता को सुरक्षित बाहर निकाला। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत चार ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पीड़िता श्रीमती सुरक्षा, जो कि प्रवेन्द्र की पत्नी है, ने पुलिस को बताया कि 23 अप्रैल 2026 को उसकी बीए की परीक्षा थी। आरोप है कि सुबह लगभग 09.30 बजे से ही उसके पति प्रवेन्द्र ने उसे बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। पीड़िता ने फोन करके घटना की जानकारी अपने पिता को दी, जिसके बाद वह मौके पर पहुंचे। पीड़िता के अनुसार, जब उसके पिता घर पहुंचे, तो ससुर ताहर सिंह, देवर भूपेन्द्र यादव और पति प्रवेन्द्र ने उनके साथ भी गाली-गलौज की। जब पिता ने उसे ले जाने की कोशिश की, तो आरोपियों ने पीड़िता को बाहर निकाल दिया और उनके जाते ही फिर से उसे मारना-पीटना शुरू कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने अपने भाई धर्मेन्द्र को मामले की जानकारी दी। जब भाई घर पहुंचा, तो उसने देखा कि घर के अंदर से उसे पीटने की आवाजें आ रही थीं और दरवाजा अंदर से बंद था। पीड़िता के भाई ने तुरंत 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को सूचित किया। पुलिस टीम के मौके पर पहुंचते ही आरोपी वहां से भाग निकले। पुलिस ने घर का ताला खुलवाया और पीड़िता को सुरक्षित बाहर निकालकर चौकी जाने की सलाह दी। पीड़िता का कहना है कि ससुराल वाले दबंग प्रवृत्ति के हैं और उसे जान से मारने की धमकी दे रहे थे। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर धारा 115(2), 351(3), और 352 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

### कुल्हाड़ी से हमले में युवक की मौत, तीन टीमें आरोपियों की तलाश में जुटीं

**ललितपुर।** थाना पूराकलां क्षेत्र में आपसी रंजिश के चलते हुए हमले में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमों का गठन कर दबिश शुरू कर दी है। बीती 23 अप्रैल 2026 की शाम करीब 7 बजे विजयपुर बगिया में 19 वर्षीय आशीष कुशवाहा पर उसके ही गांव के केहर कुशवाहा तथा उसके पुत्र रितेन्द्र व महेन्द्र ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में आशीष के सिर पर गंभीर चोटें आईं और वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा।

घटना की सूचना मिलते ही थाना पूराकला पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मृतक के पिता मुकेश कुशवाहा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमों का गठन किया गया है, जो संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। क्षेत्राधिकारी तालबेहट ने बताया कि घटना के बाद क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति सामान्य है और किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है।

### जेठ पर महिला ने लगाया जमीन पर कब्जे का आरोप

**ललितपुर।** तहसील तालबेहट थाना बार अंतर्गत ग्राम पुलवारा निवासी उर्मिला पत्नी ग्यासी ने अपने जेठ पर उसकी जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है। पीड़िता उर्मिला आज जिलाधिकारी के कार्यक्रम में पहुंची और प्रार्थना पत्र देकर अपनी शिकायत दर्ज कराई। उसने बताया कि उसके जेठ द्वारा उसकी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है। पीड़िता ने जिलाधिकारी से मामले में जांच कराकर न्याय दिलाने की मांग की है।

### आटा चक्की पर मदद के बहाने बुलाकर युवक पर जानलेवा हमला, सिर फोड़ा

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम दैलवारा में एक युवक के साथ मारपीट और जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। पीड़ित उदयचंद ने पुलिस को दी तहरीर में गांव के ही तीन लोगों पर उसे बहाने से बुलाकर पीटने और धारदार हथियार से हमला करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित उदयचंद ने पुलिस को बताया कि घटना 17 अप्रैल 2026 की रात लगभग 8.30 बजे की है। उदयचंद बाजार से अपने घर लौट रहा था, तभी गांव के ही रामपाल पुत्र फुल्ला ने उसे आवाज दी और कहा कि उसे गल्ले (अनाज) की बोरी आटा चक्की पर रखवाने में मदद चाहिए। उदयचंद जब रामपाल के घर पहुंचा, तो वहां रामपाल के साथ अमित पुत्र रामपाल और हितेश पुत्र आशाराम भी मौजूद थे। उदयचंद का आरोप है कि वहां पहुंचते ही तीनों ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। जब उसने विरोध किया, तो तीनों ने मिलकर उसके साथ लात-घूसों से मारपीट की। इसके बाद हमलावरों ने धारदार हथियार से उदयचंद के सिर और पैर पर वार किए, जिससे उसका सिर फट गया और वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ा। जाते-जाते आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने अपनी जान-माल का खतरा बताते हुए कोतवाली पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाली पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए बीएनएस की धारा 352, 115(2), और 351(3) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### एक साल बाद भी नहीं मिली वृद्धा पेंशन, जिलाधिकारी से लगाई गुहार

**ललितपुर।** जिले के ग्राम सिमरधा निवासी एक वृद्ध व्यक्ति ने अपनी वृद्धा पेंशन दिलाए जाने को लेकर जिलाधिकारी से गुहार लगाई है। सिमरधा निवासी जाहर सिंह पुत्र आसाराम जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचा और प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसने एक वर्ष पहले वृद्धा पेंशन के लिए आवेदन किया था, लेकिन अब तक उसे पेंशन का लाभ नहीं मिल पाया है। पीड़ित का कहना है कि जब वह संबंधित विभाग में जानकारी लेने जाता है, तो वहां के कर्मचारी उसे आश्वासन देकर वापस लौटा देते हैं कि पेंशन जल्द ही आ जाएगी। लगातार चक्कर लगाने के बावजूद कोई समाधान न मिलने से परेशान होकर वृद्ध ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर शीघ्र पेंशन दिलाने की मांग की है।

### शादी की खुशियां मातम में बदलीं, शिकायत पर पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी

## बेटी के मंडप में घुसकर दबंगों ने जमकर बरपाया कहर

**ललितपुर।** थाना महरौनी क्षेत्र के अंतर्गत मंडी रोड पर एक वैवाहिक समारोह के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई जब कुछ दबंगों ने मंडप में घुसकर मेहमानों और परिजनों पर जानलेवा हमला कर दिया। ईंट-पत्थरों से किए गए इस हमले में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीडिता बेटीबाई पत्नी स्व. रामसहाय ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 21 अप्रैल 2026 की रात लगभग 8.30 बजे उनकी बेटी सीमा का वैवाहिक समारोह चल रहा था। तभी अचानक राजू पुत्र जूजू मंडप में घुस आया और उपस्थित लोगों के साथ मारपीट शुरू कर दी। जब रिश्तेदारों ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो राजू के बुलाने पर उसके परिवार के अन्य सदस्य राजकुमार, देवेन्द्र, राजकुमारी, भूरी और श्रीबाई वहां पहुंच गए। आरोप है कि इन लोगों ने ईंट-पत्थरों से मेहमानों पर हमला कर दिया। इस हिंसक हमले में दामाद दुर्जनपुरा निवासी सुमरन, गौना निवासी भाभी सूरज बाई और ग्राम बढ़ई का कुआ निवासी नाती श्रीराम सहित कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल ललितपुर में भर्ती कराया गया है। पीडिता का आरोप है कि हमलावरों ने मारपीट के दौरान उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी, जिससे पूरा परिवार दहशत में है। तहरीर के आधार पर महरौनी पुलिस ने बीएनएस की धारा 191 (2), 191(3), 333, 115(2), और 351(3) के तहत कार्यवाही शुरू कर दी है।

### विद्यालय में हुआ भव्य सम्मान

## जिले की मेरिट में चमके प्रिंस कुशवाहा, सूची में नौवां स्थान



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

राजकीय इण्टर कॉलेज के मेधावी छात्र प्रिंस कुशवाहा ने इण्टरमीडिएट उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा-2026 में जनपद स्तरीय मेरिट सूची में नौवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई।

विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में प्रधानाचार्य सुरेन्द्र कुमार एवं समस्त शिक्षकों ने प्रिंस कुशवाहा को फूल-मालाओं से लादकर स्वागत किया तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान शिक्षकों ने छात्र को मिठाई खिलाकर उसकी सफलता पर हार्दिक बधाई दी। भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछे जाने पर प्रिंस कुशवाहा ने बताया कि वह स्नातक शिक्षा पूर्ण करने के बाद बैंक अधिकारी बनकर देश की सेवा करना चाहते हैं। इस पर विद्यालय के शिक्षकों ने उन्हें उचित मार्गदर्शन प्रदान करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्य सुरेन्द्र कुमार ने छात्र को सील्ड प्रदान कर उसका उत्साहवर्धन किया और आश्वासन दिया कि विद्यालय प्रशासन उसकी आगे की शिक्षा में हर संभव सहयोग करेगा। इस अवसर पर प्रवक्ता अमित शुक्ला, अरुण बाबू शर्मा, सहायक अध्यापक कमलेश कुमार, श्रीकांत खरे, महेश कुमार सरौनिया, मुकेश, वृजेन्द्र कुमार निगम, प्रियंका शिवहरे सहित समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

### एआई समिट विरोध प्रदर्शन

## रितिक सहित गिरफ्तार युवा नेताओं से राहुल गांधी ने की मुलाकात

### दिल्ली के इंदिरा भवन में हुई बैठक, आंदोलन से जुड़े युवाओं को दिया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

दिल्ली में 20 फरवरी को आयोजित एआई समिट के दौरान भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन का मामला एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है।

इस आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने के आरोप में ललितपुर निवासी रितिक शुक्ला उर्फ मोंटी शुक्ला जो युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव हैं को दिल्ली पुलिस ने 21 फरवरी को उनके आवास से गिरफ्तार किया था। इस पूरे प्रकरण के बाद 22 अप्रैल 2026 को राहुल गांधी ने दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में आंदोलन के बाद गिरफ्तार किए गए सभी युवा नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने युवाओं से संवाद करते हुए उनके अनुभव सुने और आगे की रणनीति को लेकर मार्गदर्शन प्रदान किया। बताया जा रहा है कि इस मुलाकात में आंदोलन के दौरान हुई घटनाओं, पुलिस कार्रवाई और युवाओं की भूमिका पर विस्तृत चर्चा हुई। राहुल गांधी ने युवाओं के उत्साह और लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए उन्हें संयम और संगठनात्मक मजबूती के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी। गौरतलब है कि एआई समिट के दौरान युवा कांग्रेस द्वारा विभिन्न मुद्दों को लेकर विरोध दर्ज कराया गया था, जिसके चलते कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया था। ललितपुर के रितिक शुक्ला जो कि युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव हैं की गिरफ्तारी भी इसी कड़ी में हुई थी, जिसे लेकर क्षेत्र में राजनीतिक हलचल देखी गई थी। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस मुलाकात के जरिए कांग्रेस नेतृत्व युवाओं को संगठित कर आगामी राजनीतिक रणनीति को धार देने का प्रयास कर रहा है।

## सर्वेश्वर धाम मंदिर में मां पीतांबरा का प्राकट्य दिवस धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



गोविंद सागर बांध की तलहटी स्थित सिंचाई विभाग कॉलोनी के पास स्थित सर्वेश्वर धाम मंदिर में मां पीतांबरा का प्राकट्य दिवस बड़े ही भव्य और श्रद्धापूर्ण वातावरण में मनाया गया।

कार्यक्रम परम पूज्य जगद्गुरु डा.स्वामी कृष्ण गिरि महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह माता के विधि-विधान से अभिषेक के साथ हुई, जिसके बाद हवन-पूजन और भव्य आरती का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और भक्ति भाव के साथ अनुष्ठानों में भाग लिया। आरती के उपरांत उपस्थित भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर कौशल किशोर गोस्वामी (एडवोकेट), जगदीश गोस्वामी, मुन्ना सोनी, देवी शंकर कटारे, अशोक कुमार नामदेव, सुरेश चंद्र पाण्डेय, अशोक कुमार सक्सेना, प्रदीप गोस्वामी, आदित्य गोस्वामी, गोविंद तिरवेदी, मुन्नी सिरौठिया, अंकिता चतुर्वेदी, शिवानी, उषा लता नामदेव सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। मंदिर के महंत गिरीश बाबा ने बताया कि मां पीतांबरा का प्राकट्य दिवस श्रद्धा, आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक है। इस आयोजन से क्षेत्र में धार्मिक वातावरण और अधिक सशक्त होता है।

### निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के साथ पहुंचकर ईवीएम/वीवीपेट वेयरहाउस की जानी स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सत्य प्रकाश ने शुक्रवार को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विकास भवन परिसर में स्थापित ईवीएम एवं वीवीपेट वेयर हाउस का मासिक बाहृय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान बताया गया कि ईवीएम भण्डार कक्ष में ईवीएम व वीवीपेट मशीनों को कड़ी सुरक्षा में विधानसभावार सुरक्षित रखा गया है, वेयर हाउस में सीसीटीवी कैमरों की कड़ी निगरानी है। इस पर निर्देश दिये गए कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ईवीएम वेयर हाउस में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जायें। निरीक्षण के दौरान निर्वाचन कार्यालय के प्रधान सहायक धमेन्द्र मोर्या, चकबंदी कार्यालय व निर्वाचन कार्यालय के अन्य कर्मी तथा राजनैतिक दलों में आम आदमी पार्टी से हरदयाल सिंह लोधी, भारतीय जनता पार्टी से महेश कुमार, अपना दल से सोहन लाल निरंजन आदि उपस्थित रहे।

### प्रदेश की अर्थव्यवस्था 1 ट्रिलियन डॉलर के लिए डीएम ने की समीक्षा

## जीडीपी में जनपद ललितपुर का सराहनीय योगदान के लिए तत्पर कार्य करें अधिकारी

### अधिकारियों को सभी सेक्टरों में जनपद का जीडीपी बढ़ाने के दिए निर्देश

**ललितपुर।** वर्ष 2029-30 तक प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर के स्तर पर लाने के लिए प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री जी लगातार संकल्पित हैं, प्रदेश की इस 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में जनपद ललितपुर का व्यापक योगदान हो, इसके लिए जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश ने शुक्रवार को कलैक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तर पर गठित वन ट्रिलियन डॉलर (व्न्व) सेल के प्राथमिक, द्वितीयक एवं तृतीयक क्षेत्र के प्रमुख सूचकांकों की विस्तृत समीक्षा की।

समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी सेक्टरों में जनपद का जीडीपी बढ़ाने पर जोर देते हुए स्पष्ट रुप से कहा कि प्रदेश की जीडीपी में जनपद ललितपुर का अच्छाखासा योगदान हो, यहां के लोग भी बहुत मेहनती हैं, अपनी मेहनत व कार्यकुशलता से कृषि व फसलों के उत्पादन से लेकर घरेलू उत्पादों से प्रदेश व देश की जीडीपी में अपना योगदान देते हैं, उन्होंने कहा कि अब अधिकारियों को देखना है कि किस-किस सेक्टर में और क्या-क्या सम्भावनाएं हैं, इसके लिए उन्होंने जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को निर्देश दिये कि वह एक सप्ताह में सभी को बताएं कि पिछले आंकड़ों के सापेक्ष और किस-किस सेक्टर को कैप्चर किया जाए, कि जनपद की जीडीपी तेजी से ग्रोथ करे और जनपद प्रदेश की 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था में चमकते सितारे की तरह दिखे। जनपद के सकल घरेलू उत्पाद को प्राथमिक क्षेत्र, द्वितीयक व तृतीयक क्षेत्र में बांटकर योगदान का समीक्षात्मक विश्लेषण करते हुए समीक्षा की और निर्देश दिए कि जिन विभागों की स्थिति ठीक नहीं है वे प्रगति सुधारें, अपने अपने प्रोजेक्टों में पंजीकरण बढ़ाएं और ध्यान रखें कि पंजीकरण में किसी का शोषण न हो।

### जनगणना 2027 को लेकर अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित

## डीएम बोले, हर पहलू को बारीकी से समझें

### ऑनलाइन पोर्टल/एप पर फीडिंग की दी गई जानकारी तय समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



जनपद में प्रस्तावित जनगणना 2027 को सफलतापूर्वक संपादित कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनगणना अधिकारियों का प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को ऑनलाइन पोर्टल एवं एप के माध्यम से डेटा फीडिंग की प्रक्रिया पीपीटी के जरिए विस्तार से समझाई गई। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वह प्रशिक्षण को गंभीरता से लें और जनगणना कार्य के प्रत्येक पहलू को भलीभांति समझें। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर सही तरीके से डेटा फीडिंग की जानकारी प्रत्येक अधिकारी को होना आवश्यक है, तभी जनगणना कार्य को सफल माना जाएगा। प्रशिक्षण सत्र में मंडल प्रभारी मनोज मौर्य ने आगामी जनगणना की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि जनगणना सुपरवाइजर सर्किल के गठन, गणना ब्लॉकों के आवंटन और प्रगणकों की नियुक्ति की प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। साथ ही निर्देश दिए गए कि 5 मई 2026 तक जनगणना से संबंधित प्रशिक्षण पूर्ण कर लिया जाए तथा 7 मई 2026 तक प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों की ड्यूटी निर्धारित कर उन्हें नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएं। बैठक में यह भी बताया गया कि वर्ष 2011 के बाद अब 2027 में जनगणना प्रस्तावित है। इसका प्रथम चरण 22 मई से 20 जून 2026 तक संचालित होगा, जबकि स्वगणना का कार्य 7 मई से 21 मई के बीच किया जाएगा। इसके लिए जिले में लगभग 3000 जनगणना कर्मियों की तैनाती की जाएगी। कार्यक्रम में सीडीओ शेषनाथ चौहान, एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी मनीष कुमार, समस्त तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, डीआईओ, जनगणना समन्वय समिति सदस्य, खंड शिक्षा अधिकारी एवं अन्य उपस्थित रहे।

# कबाड़ से आग का खतरा: चलते ट्रक में भीषण आग, वार्ड 08 में भी हादसे की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

नगर में कबाड़ से जुड़ी लापरवाह व्यवस्थाएं अब बड़े खतरे का संकेत देने लगी हैं। गुरुवार सुबह कुरावर के समीप नेशनल हाईवे 46 पर एक चलते ट्रक में भीषण आग लगने की घटना ने पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया। वहीं दूसरी ओर नगर के वार्ड क्रमांक 08 में सड़कों पर फैले कबाड़ के कारण भी इसी तरह की आगजनी और दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है, जिससे स्थानीय लोग चिंतित हैं।

जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह करीब 8 बजे एक ट्रक क्रमांक आर जे 11 जीसी 4447 भोपाल से कबाड़ भरकर दिल्ली की ओर जा रहा था, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक सामान का कबाड़ भरा हुआ था। रेड रोज स्कूल के पास अचानक ट्रक में आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। इससे हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात प्रभावित हुआ। घटना की





सूचना मिलते ही कुरावर नगर परिषद की फायर ब्रिगेड सहित ओसवाल डेनिम यूनिट से भी दमकल वाहन मौके पर पहुंचा और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस हादसे में जनहानि तो नहीं हुई, लेकिन ट्रक में रखा अधिकांश कबाड़ जलकर खाक हो गया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। इधर नगर के वार्ड क्रमांक 08 में कई कबाड़ की दुकानें संचालित हो रही हैं, जिनका सामान सड़कों तक फैला रहता है। इनमें प्लास्टिक, बैटरी और इलेक्ट्रॉनिक सामग्री शामिल है, जो अत्यधिक ज्वलनशील होती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इन दुकानों को व्यवस्थित नहीं किया गया, तो यहां भी कभी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि कबाड़ की दुकानों को आबादी क्षेत्र से दूर स्थानांतरित किया जाए और सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कर साफ-सुथरा एवं सुरक्षित बनाया जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।

# कागज के टुकड़ों को असली नोट बताकर ठगी गिरोह का पर्दाफाश, 2 लोग गिरफ्तार ,1 फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिले के कई शहरों में नकली नोट चलाने वाले गिरोह का पर्दाफाष हो गया है। जिले में धोखाधड़ी संबंधी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे एवं एसडीओपी प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में थाना ब्यावरा सिटी पुलिस एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा एक संगठित ठग गिरोह का पर्दाफाश किया गया है, जो कागज के टुकड़ों को असली नोट बताकर लोगों से बड़ी रकम की ठगी कर रहे थे।

आरोपी सीधे-साधे लोगों को झांसे में लेकर उन्हें कागज से असली नोट बनाने



का झूठा डेमो दिखाते थे। केमिकल एवं पानी के माध्यम से नोट बनाने का भ्रम पैदा कर विश्वास अर्जित करते थे, फिर बड़ी रकम लेकर नकली गड्डियां थमा देते थे, जिनमें ऊपर-नीचे असली नोट और बीच में कागज के टुकड़े होते थे। 17 अप्रैल 2026 को कांसारे जोड़ के पास गुना-ब्यावरा हाईवे पर पंकज प्रजापति निवासी गुना एवं उनके साथियों से आरोपियों द्वारा 5,00,000 लेकर लगभग 40,00,000 बताकर नकली नोटों की गड्डियां दी गईं, जिनमें अधिकांश कागज के टुकड़े भरे हुए थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा त्वरित विशेष टीम गठित की गई।

**टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज से हुई जांच:** घटनास्थल एवं टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ब्लैक स्कोडा (एमपी 04वाईएफ 6943) वाहन चिन्हित किया गया। कंट्रोल रूम राजगढ़ से भोपाल को सूचना दी गई, जिसके बाद मात्र 4 घंटे के भीतर थाना निशातपुरा भोपाल पुलिस के सहयोग से वाहन सहित आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

### यह माल हुआ जब्त

जप्ती ब्लैक स्कोडा कार कीमत लगभग 15 लाख 500 के नोट की 8 गड्डियां 4,00,000 100 के नोट की 14 गड्डियां ऊपर-नीचे असली नोट, बीच में कागज पूछताछ में खुलासा हुआ है। आरोपी मोहम्मद हनीफ ने स्वीकार किया कि वह लोगों को भ्रमित करने के लिए झूठी कहानी बनाता था कि उसके रिश्तेदार देवास प्रिंटिंग प्रेस में कार्यरत हैं। केमिकल व पानी से नकली डेमो दिखाकर विश्वास में लेकर ठगी की जाती थी।

### इनकी रही भूमिका

इसमें निरीक्षक वीरेन्द्र धाकड़ (थाना प्रभारी ब्यावरा सिटी), निरीक्षक जितेन्द्र मावई (टीआई कुरावर), उप निरीक्षक जितेन्द्र अजनारे (प्रभारी साइबर सेल), उप निरीक्षक धर्मेन्द्र शर्मा, उप निरीक्षक गोविंद मीणा, उप निरीक्षक कर्मवीर सिंह (थाना कुरावर), प्रधान आरक्षक हेमन्त सिंह राजपूत, आरक्षक राहुल मीना, आरक्षक गुरु गोविंद मीणा, आरक्षक बनवारी मीना, आरक्षक पियूष गुप्ता, आरक्षक धीरेंद्र कुमार, आरक्षक हितेश यादव, आरक्षक नवल एवं आरक्षक बलराम (थाना कुरावर) की सराहनीय भूमिका रही।

# वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण, अभाविप ने कॉलेज में राष्ट्रभक्ति स्वर गुंजाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई के तत्वाधान में वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के पावन उपलक्ष्य में शासकीय महाविद्यालय परिसर में वंदे मातरम् कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में विद्यार्थियों और कार्यकर्ताओं ने शामिल होकर राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजगढ़ विभाग संगठन मंत्री रोहित सोनी ने अपने उद्बोधन में वंदे मातरम् के ऐतिहासिक महत्व और युवाओं के जीवन में राष्ट्रभक्ति की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि देश की आत्मा और स्वाभिमान का प्रतीक है, जो हर युवा को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर अशोक सेन ने भी अपने विचार




व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों से देशहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। नगर मंत्री नरेंद्र सौंधिया ने स्वागत भाषण दिया। महाविद्यालय प्राचार्य हिमांशु चाष्टा ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से खारपा प्राचार्य राधेश्याम पुरवइया भुवनेश गुप्ता, दिनेश दांगी, उपाध्यक्ष रामेश्वर पवांर , दीपक सोनगरा , स्नेहा वर्मा , सुरेखा चैहान , निकिता प्रजापति , आशा प्रजापति , हरीश मालवीय सहित अनेक विद्यार्थी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, एकता एवं सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

# 35 लाख की स्मैक व कैमिकल सहित मुख्य सप्लायर गिरफ्तार, की पूछताछ

## पुलिस ने क्रमबद्ध रूप से बढ़ाई थी अपनी जांच पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



विगत दिनों जिला पुलिस ने जीरापुर की आवास कॉलोनी निवासी एक दंपत्ति को गिरफ्तार कर उनके पास से करीब 88 हजार रुपए का स्मैक पाउडर जब्ती में लिया। उक्त दोनों पति-पत्नी को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस तभी से स्मैक के मुख्य सप्लायर को दबोचने की फिराक में लगी हुई थी।

इस मामले में जीरापुर पुलिस द्वारा की गई आगे की विवेचना में अब स्मैक के मुख्य सप्लायर घाटोली राजस्थान निवासी जगदीश पिता बीरमचंद तंवर को भी पकड़ लिया गया है। आरोपी जगदीश जिले के माचलपुर क्षेत्र के पीपल्याकुल्मी निवासी शकील पिता शब्बीर मंसूरी सहित अन्य को स्मैक सप्लाई करता था। पुलिस ने बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात्रि शकील के घर दबिश देकर उसके ठिकाने से 298 ग्राम अवैध स्मैक एवं 4486 किलो कैमिकल(टांका) जब्ती में लिया है। जब्त माल की कुल कीमत करीब 35 लाख रुपए बताई जा रही है। आरोपी शकील को गिरफ्तार करते हुए उस पर एनडीपीएस एक्ट के सुसंगत धाराओं में एफआईआर पंजीबद्ध की गई है। जब्तशुदा मादक पदार्थ को विधिवत सीलबंद कर मालखाने में सुरक्षित रखा गया है। इस पूरे सफलता में भोजपुर थाना प्रभारी हुकुम सिंह मीणा एवं उनकी टीम सहित सायबर सेल राजगढ़ का विशेष योगदान रहा।

### ऑपरेशन शुद्धि के तहत जारी रहेगी कार्यवाही

पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने बताया कि ऑपरेशन शुद्धि के तहत अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ जिला पुलिस की कार्यवाही अनवरत रूप से जारी रहेगी।

**संयुक्त टीम ने गांव पहुंचकर रुकवाया बाल-विवाह**

# आधार में 18 तो मूल दस्तावेजों में 15 वर्ष की निकली 'बालिका वधु'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पुलिस एवं प्रशासन की सक्रियता से कालीपीठ क्षेत्र की एक नाबालिग बालिका वधु बनने से बच गई। दरअसल, 22 अप्रेल को बाल विवाह कन्ट्रोल रूम पर शिकायत मिली थी कि कालीपीठ क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग बालिका का विवाह करवाया जा रहा है।

सूचना को गंभीरता से लेते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग के डीपीओ श्याम बाबू खरे, वन स्टॉप सेंटर प्रशासिका रश्मि चैहान, कोतवाली टीआई मंजू मंखेनिया, सुपरवाईजर पूजा विजयवर्गीय टीम सहित संबंधित गांव पहुंचे। गांव में शादी वाले घर पहुंचने पर जब बालिका का आधार कार्ड मांगा गया तो उसमें उसकी आयु 18 वर्ष 1 माह निकली। आधार कार्ड के फर्जी होने के संदेह पर टीम ने तुरंत जिला शिक्षाधिकारी से संपर्क कर गांव के शिक्षक गोपाल भलवाला को मौके पर बुलवाकर शाला की स्कॉलर पंजी का अवलोकन किया। पंजी और राज्य शिक्षा केंद्र की मार्कशीट के अनुसार बालिका की आयु 15 वर्ष 8 माह ही निकली।

### शादी रुकवाकर प्रशासनिक आश्रम स्थल लाई गई वधु



वास्तविकता ज्ञात होते ही सेमलाबे गांव से आ रही बालिका वधु की बारात को रोका गया और परिवारजनों को बाल विवाह प्रतिशेध अनियमत के तहत समाईस दी गई। विवाह आयोजन स्थल पर विवाह की समस्त तैयारियों हो चुकी थीं। बालिका के हाथों में मेहंदी लगी थी एवं शरीर पर हल्दी लगी थी जो कि विवाह के अनुष्ठान का आयोजन करना स्पष्ट प्रदर्शित होता पाया गया। उक्त परिस्थिति को देखते हुए उपस्थित जांच दल द्वारा कार्यवाही कर प्राथमिकी एफआईआर दर्ज करवाई गई। साथ ही बालिका को वन स्टॉप सेंटर सेंटर में देर रात 2 बजे आश्रय हेतु लाया गया, ताकि बालिका के सर्वोत्तम हित में कार्यवाही की जा सके।

# कलेक्टर ने उपार्जन केंद्रों पर पहुंचकर जांची व्यवस्थाएं

**बेड़कापुरा एवं करेड़ी केंद्र का किया निरीक्षण**



राजगढ़। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने गुरुवार दोपहर राजगढ ब्लॉक के बेडाकापुरा शासकीय वेयर हाउस एवं प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति करेडी खरीदी केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने समय पर तौल, बिल जनरेट होने की स्थिति, समय पर किसानों का भुगतान हो रहा है या नही एवं किसानों के लिए उपार्जन केन्द्र पर पानी एवं छाया की पर्याप्त व्यवस्था के साथ ही उपार्जन की पूरी प्रक्रिया की सुक्ष्मता से जानकारी प्राप्त की। साथ ही सर्वेयर ऐप, नॉन के सॉफ्टवेयर, वेयर हाउसिंग सॉफ्टवेयर सहित मॉड्यूल के बारे में उपस्थितों से जानकारी लेकर निर्देश दिए कि किसानों का समय पर भुगतान किया जाए। निरीक्षण के दौरान तुलाई कार्य का अवलोकन करते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देश दिए कि तौल पूरी पारदर्शिता के साथ निर्धारित मापदंडों के अनुसार किया जाए। बारदाना की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने तथा भंडारण व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए।



# पुराना एबी रोड पर अवैध अतिक्रमण हटाने उतरा नपा अमला, समान जब्त के निर्देश


**सारंगपुर।** नगर के पुराने एबी रोड पर लंबे समय से चल रहे अवैध अतिक्रमण को लेकर उत्पन्न समस्या के निराकरण के लिए गुरुवार को नगर पालिका की टीम सड़क पर उतरी और दुकानदारों द्वारा सड़क किनारे अस्थायी रूप से अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की, आए दिन जाम की स्थिति से आमजन और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को लेकर समाचार पत्र में खबरें प्रकाशित हो रही थीं, जिसके बाद प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार, नगर पालिका सीएमओ दीपक रानवे के निर्देश पर टीम ने मौके पर पहुंचकर हाईवे किनारे लगे अवैध अतिक्रमण को हटवाया। और कुछ सामान जप्त कर अतिक्रमणकारियों को सख्त हिदायत दी गई कि भविष्य में सड़क पर किसी प्रकार का कब्जा न करें, अन्यथा उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान आरआई सूर्य प्रकाश झाला, दरोगा सतीश कंडारे, तरुण दावरे सहित नगर पालिका का अमला मौजूद रहा। टीम ने सड़क किनारे खड़े ठेलों और अस्थायी दुकानों को हटवाते हुए यातायात को सुचारू बनाने का प्रयास किया। नगरवासियों ने इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि इससे जाम की समस्या में राहत मिलेगी।

# गाय बचाने में शराब से भरी कार पलटी, दो लोग गंभीर घायल, शराब वैध या अवैध यह पुलिस जांच का विषय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

गुरुवार को दोपहर में सड़क हादसे की फिर खबर आई सारंगपुर नेशनल हाईवे पर एक गंभीर सड़क हादसा सामने आया, जिसमें दो युवक बुरी तरह घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार पांदा निवासी जगदीश पिता देवी सिंह नागर (हाल मुकाम देवास) एवं दुर्गेश पिता भाव सिंह नागर (हाल मुकाम इंदौर) अपने गांव से कार द्वारा देवास की ओर जा रहे थे।

जानकारी के मुताबिक गोपालपुरा के समीप अचानक सड़क पर गोवंश आ जाने से वेगेनार कार (क्रमांक एमपी 09 डब्ल्यू एफ 5467) के चालक का संतुलन बिगड़ गया। गाय को

बचाने के प्रयास में वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में जा गिरा और पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि कार में रखी देशी शराब की पेटियां सड़क पर बिखर गईं, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दुर्घटना में कार सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही जननी एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल सिविल अस्पताल सारंगपुर लाया गया। यहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए दोनों को शाजापुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। खबर लिखे जाने तक दोनों की स्थिति नाजुक बनी हुई थी। घटना के बाद क्षेत्र में सड़क पर अचानक आवारा पशुओं के आ जाने से बढ़ते हादसों को लेकर लोगों में चिंता हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईवे पर पशुओं की आवाजाही रोकने के लिए ठोस व्यवस्था की आवश्यकता है। उल्लेखनीय है कि दुर्घटनाग्रस्त कार में देशी शराब की पेटियां भरी हुई थीं। यह शराब वैध थी या अवैध, इस संबंध में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।



# कार-ऑटो की भिड़ंत में 13 वर्षीय बालक की मौत, गांव में शोक की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 13 वर्षीय बालक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मऊ गांव के समीप स्थित शराब दुकान के सामने यह दुर्घटना सुबह करीब 5रू00 बजे हुई। कमलसरा गांव से लहसुन भरकर मंडी जा रहे एक लोडिंग ऑटो को पीछे से आ रही एक अल्टो कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो में सवार बालक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। घायल बच्चे को सिविल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम करवाया और बाद में शव परिजनों को सौंप दिया। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई है। बताया जा रहा है कि सुबह के समय हाईवे पर तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही के कारण इस तरह के हादसे बढ़ते जा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से उक्त क्षेत्र में यातायात नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सके।

**फूलमाली सोशल उत्थान समिति ने किया कार्यक्रम का आयोजन**

# महादेव का पूजन-अर्चन कर मनाया समाज का उत्पत्ति दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरंगपुर

फूल माली सोशल उत्थान समिति मध्य प्रदेश के आवाहन पर ब्लॉक इकाई के तत्वावधान मे गुरुवार को फूल माली समाज का उत्पत्ति दिवस मनाया गया जिसके तहत समिति के सदस्यों द्वारा बदली पूरा हनुमान मंदिर परिसर स्थित पूर्णेश्वर महादेव की 11 ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना एवं अभिषेक कर महा आरती की गई तथा समिति सदस्यों द्वारा पुजारी का साफा बांधकर तथा दुपट्टा डालकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फूल माली महा पंचायत प्रदेश महामंत्री ओम पुष्पद भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद ने कहा कि फूल माली समाज (नाभावंशी) की उत्पत्ति भगवान विष्णु की नाभि या भगवान शिव के मैल से हुई हे ऐसी मान्यता है कि भगवान शिव ने कैलाश पर्वत पर एक बगीचा बनाकर उसकी रक्षा के लिए अपने शरीर के मेल से एक पुतला बनाकर उसमें प्राण डालकर वन माली का निर्माण किया वही एक अन्य मान्यता के अनुसार फूलमाली समाज को भगवान विष्णु की नाभि कमल से वैशाख सप्तमी जिसे गंगा



सप्तमी भी कहा जाता है को माली समाज की उत्पत्ति का दिन माना जाता है इसलिए फूल माली समाज गंगा सप्तमी को अपना उत्पत्ति दिवस मनाता है कार्यक्रम का संचालन फूल माली सोशल उत्थान समिति प्रदेश व्यवस्था प्रमुख मनोज पुष्पद ने किया तथा आभार बागकुआ टंकी पंचायत अध्यक्ष कैलाश वर्मा ने माना। इस दौरान फूल माली सोशल उत्थान समिति ब्लॉक अध्यक्ष अशोक पुष्पद पवन पुष्पद नारायण सोनी दीपू दास बैरागी अखिलेश चैहान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 26 अप्रैल को

**गुना।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर द्वारा राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026, 26 अप्रैल को ओ.एम.आर. पद्धति से प्रातः 10 से 12 एवं दोपहर 2:15 से 4:15 बजे तक, दो सत्रों में जिला मुख्यालय के 5 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जावेगी। आयोग द्वारा उक्त परीक्षा हेतु ग्वालियर संभाग अंतर्गत शेखर वर्मा, से.नि. आई.ए.एस. को संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। पर्यवेक्षक वर्मा का 24 अप्रैल से भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा आयोग के निर्देशानुसार संभागीय पर्यवेक्षक वर्मा के लिये आवश्यक व्यवस्था हेतु लायजनिंग ऑफिसर प्रोटोकॉल एवं सत्कार व्यवस्था के लियेमयंक तिवारी तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तहसील गुना को नियुक्त किया गया हैं।